# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से




2 बंगाल में मोदी मैगा गारंटी का ब्लूप्रिंट तैयार


4 त्याग, वैराग्य और भक्ति का सरल मार्ग : श्रीमद्भागवत का दिव्य संदेश


9 शूटिंग चैंपियनशिप में अनीश ने जीता स्वर्ण


11 बालेन शाह-कूटनीतिक सम्मान की सनक


# गंगोत्री से गंगासागर तक बीजेपी

## शुभेंदु अधिकारी के शपथग्रहण समारोह में पहुंचे 20 राज्यों के मुख्यमंत्री

**कोलकाता,09 मई. पश्चिम बंगाल की राजनीति में शनिवार को अद्भूत पल दिखा. शुभेंदु अधिकारी ने कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में शपथ लेकर राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में जिम्मेदारी संभाली. यह पहली बार है जब भाजपा का नेता बंगाल के मुख्यमंत्री बने हैं.**

शुभेंदु अधिकारी ने भवानीपुर और नंदीग्राम सीट से पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पराजित किया और अपनी राजनीतिक उपलब्धियों का प्रतीक स्थापित किया. साथ ही दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, खुदीराम टुडू और निसिथ प्रमाणिक ने भी मंत्री पद की शपथ ली. वहीं, योगी आदित्यनाथ ने मंच पर शुभेंदु अधिकारी को भगवा पटका पहनाया. शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत कई दिग्गज नेता मौजूद रहे. समारोह का आयोजन भव्य रूप से किया गया और सभी



प्रोटोकॉल का पालन किया गया। हालांकि, ममता बनर्जी को भी न्योता भेजा गया था, लेकिन वे समारोह में शामिल नहीं हुईं. इस आयोजन ने बंगाल की राजनीति में नया अध्याय शुरू कर दिया है और राज्य में भाजपा के लिए एक नई शुरुआत का संकेत दिया है.


पश्चिम बंगाल में पहली बार बनने जा रही भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में नेताओं के साथ-साथ साधु-सतों का भी भारी जमावड़ा लगा. कोलकाता के ब्रिगेड ग्राउंड में शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए देश भर से बीजेपी और एनडीए के नेता पहुंचे. बंगाल के स्थानीय नेता, कार्यकर्ता के साथ-साथ बड़ी संख्या में साधु-संत भी वहां पहुंचे. एक साधु ने कहा, कि अब राम राज्य शुरू हो गया है, इसलिए साधु यहां आए हैं. शुभेंदु के शपथग्रहण के लिए 20 राज्यों के मुख्यमंत्री भी पहुंचे.



### माखनलाल सरकार को पीएम मोदी ने शॉल ओढ़ाकर पैर छुए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंच पर ही सबके सामने माखनलाल सरकार का सम्मान किया. माखनलाल सरकार को पीएम मोदी ने शॉल ओढ़ाई और गले लगने के बाद उनके पैर छुए. 98 वर्ष की आयु में भी माखनलाल सरकार स्वतंत्रता के बाद के भारत में राष्ट्रवादी आंदोलन की जड़ों से गहराई से जुड़े हुए हैं. उनका राजनीतिक और सामाजिक योगदान दशकों पुराना है. वर्ष 1952 में जब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर में भारतीय तिरंगा फहराने के लिए आंदोलन शुरू किया था, तब श्री माखनलाल उनके साथ थे और इसी दौरान उन्हें कश्मीर में गिरफ्तार भी किया गया था.

### इन्होंने ली पश्चिम बंगाल सरकार में मंत्री पद की शपथ


**दिलीप घोष**
सदगोप समुदाय (बंगाली हिंदू)


**अग्निमित्रा पॉल**
बंगाली कायस्थ परिवार


**अशोक कीर्तनिया**
मतुआ समुदाय (प्रवासी हिंदू नमोशूद्र शरणार्थी)


**क्षुदीराम टूडू**
संथाल आदिवासी समुदाय


**निषिथ प्रमाणिक**
राजबंशी समुदाय




मना रहे हैं मदर्स डे!


# 27,337 करोड़ के घोटाले में सीबीआई ने की रेड

**सीबीआई का बड़ा एक्शन**


- अनिल अंबानी की एडीए ग्रुप की 17 परिसरों पर छापेमारी

**मुंबई,09 मई. मुंबई में शनिवार को सीबीआई ने अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस एडीए समूह के खिलाफ बेहद गंभीर कार्रवाई की. एजेंसी ने रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड के 17 परिसरों पर तलाशी ली.**

अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई उन तीन मामलों के



सिलसिले में की गई है, जिनमें बैंकों और भारतीय जीवन बीमा निगम को कथित तौर पर 27,337 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ.सीबीआई प्रवक्ता ने कहा कि तलाशी में कंपनियों के कार्यालय परिसरों और निदेशकों के आवासीय परिसरों को शामिल किया गया.



## बंगाल अब सच्चे अर्थों में आमार सोनार बांग्ला बनेगा : सीएम डॉ. यादव

प्रशासनिक संवाददाता


**भोपाल, 9 मई.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पश्चिम बंगाल में नई सरकार के गठन के साथ ही सुशासन, सुरक्षा और विकास के एक नवयुग का आरंभ हो गया है. पश्चिम बंगाल अब सच्चे अर्थो में आमार सोनार बांग्ला बनेगा. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन एवं पश्चिम बंगाल के नवनियुक्त मुख्यमंत्री सुवेन्दु अधिकारी के नेतृत्व में यह राज्य अब अपने पुराने गौरव और वैभव को प्राप्त कर समग्र विकास, निवेश, सुशासन एवं जनकल्याण के नए-नए कीर्तिमान स्थापित करेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को कोलकाता के बिग्रेड परेड ग्राउंड में पश्चिम बंगाल की नवगठित राज्य सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए. पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आरएन. रवि ने सुवेन्दु अधिकारी को मुख्यमंत्री पद एवं नई सरकार के 5 अन्य मंत्रीगण को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई.

# पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा गिरफ्तार

## 100 करोड़ जीएसटी घोटाले में चंडीगढ़ और गुरुग्राम ठिकानों पर हुई ईडी रेड

**चंडीगढ़, 9 मई. पंजाब की आप सरकार शनिवार को एक बड़े राजनीतिक और कानूनी झटके से जूझ रही है.कैबिनेट मंत्री और लुधियाना पश्चिम से विधायक संजीव अरोड़ा को ईडी ने गिरफ्तार किया.**

अधिकारियों ने बताया कि उनकी गिरफ्तारी 100 करोड़ रुपये से अधिक के कथित फर्जी जीएसटी बिल और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में की गई। अरोड़ा के चंडीगढ़ स्थित सरकारी आवास, उनके निजी ठिकानों और गुरुग्राम



स्थित परिसरों पर ईडी ने सात घंटे तक तलाशी ली।सूत्रों के मुताबिक, अरोड़ा के बेटे को भी हिरासत में लिया गया है। ईडी ने बताया कि यह कार्रवाई धनशोधन निवारण अधिनियम और एफईएमए की आपराधिक धाराओं के तहत की गई। छापेमारी में 'हैम्पटन स्काई रियल्टी लिमिटेड' सहित कई परिसरों को शामिल किया गया.मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस कार्रवाई पर केंद्र सरकार पर तीखा हमला किया। मान ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ईडी, सीबीआई और आईटी विभाग भाजपा के चार-पांच हथियार बन चुके हैं, जिनका राजनीतिकरण किया गया है.

# तमिलनाडु के सेनापति होंगे विजय

**नई दिल्ली, 09 मई. तमिलनाडु में टीवीके प्रमुख सी.जोसेफ विजय आज मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे. राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने शनिवार को विजय को शपथ ग्रहण की अनुमति दी. विजय रविवार दोपहर 3.15 बजे लोकभवन में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे. टीवीके ने 107 विधायकों के साथ बहुमत सुनिश्चित करने के लिए वीसीके और आईयूएमएल का समर्थन हासिल किया.**

इसके बाद पार्टी के कुल विधायक संख्या 120 हो गई, जबकि मुख्यमंत्री बनने के लिए



118 की आवश्यकता थी. इस तरह विजय तमिलनाडु सरकार के नए नेतृत्व के रूप में सामने आए हैं. विजय के नेतृत्व वाली कैबिनेट में 9 मंत्री शामिल होंगे. इनमें टीवीके के छह विधायक- सेंगोत्तियन, अधव अर्जुन, एन आनंद, अरुण राज, निर्मल कुमार और राजमोहन-और तीन कांग्रेस के विधायक मंत्री पद की शपथ लेंगे.

## दिल्ली में आतंकी खतरे को लेकर अलर्ट


**नई दिल्ली.** दिल्ली में आतंकी हमले को लेकर हाई अलर्ट जारी किया गया है. इंटेलिजेंस एजेंसियों के अनुसार, दीन दयाल उपाध्याय मार्ग स्थित भाजपा मुख्यालय और आसपास की सरकारी इमारतें संभावित निशाने पर हो सकती हैं. सूत्रों के अनुसार, खतरे में आत्मघाती हमले, कार ब्लास्ट, गोलीबारी और ढ्श्वष्ठ जैसी घटनाएं शामिल हैं.सुरक्षा एजेंसियों ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए एहतियाती कदम बढ़ा दिए हैं.

**नियुक्ति** | रणनीतिक नेतृत्व और संचालन में निरंतरता सुनिश्चित होगी

# एनएस राजा सुब्रमणि होंगे नए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ

**नईदिल्ली, 9 मई.लेफ्टिनेंट जनरल एन. एस. राजा सुब्रमणि को भारत का अगला चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) नियुक्त किया गया है. वे वर्तमान में तीनों सेनाओं के बीच समन्वय और रणनीतिक रक्षा योजनाओं के विकास में अहम भूमिका निभा रहे हैं. जनरल एन. एस. राजा सुब्रमणि, जनरल अनिल चौहान की जगह सीडीएस के पद पर आएंगे.**

जनरल चौहान का कार्यकाल 30 मई 2026 को समाप्त हो रहा है, जिसके बाद यह पदनाम सुब्रमणि को सौंपा गया.नई



नियुक्ति से भारतीय सशस्त्र बलों में रणनीतिक नेतृत्व और संचालन में निरंतरता सुनिश्चित होगी. लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि की सैन्य पृष्ठभूमि और अनुभव उन्हें इस उच्चतम पद के लिए योग्य बनाते हैं.उनका नेतृत्व न केवल सेनाओं के समन्वय को मजबूत करेगा.

## कृष्णा स्वामीनाथन होंगे देश के नए नौसेना प्रमुख


वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन को भारत का नया नौसेना प्रमुख नियुक्त किया गया है. वर्तमान में वे मुंबई में पश्चिमी नौसेना कमांडर के पद पर तैनात हैं. उनका कार्यभार 31 मई 2026 से शुरू होगा और कार्यकाल 31 दिसंबर 2028 तक रहेगा.वाइस एडमिरल स्वामीनाथन 1 जुलाई 1987 को भारतीय नौसेना में कमीशन प्राप्त कर चुके हैं. उनकी शैक्षणिक और सैन्य पृष्ठभूमि बेहद मजबूत है.उन्होंने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़कवासला से प्रारंभिक प्रशिक्षण प्राप्त किया. इसके बाद उन्होंने संयुक्त सेवा कमान एवं स्टाफ



कॉलेज, श्रीवेनहैम, यूनाइटेड किंगडम; कॉलेज ऑफ नेवल वॉरफेयर, करंजा; और संयुक्त राज्य नौसेना युद्ध कॉलेज, न्यूपोर्ट, रोड आइलैंड, यूएसए से उच्च प्रशिक्षण और रणनीतिक शिक्षा प्राप्त की.


DAIKIN

WORLD'S LEADING AIR CONDITIONING COMPANY FROM JAPAN



सुपीरियर कूलिंग फॉर

केयरफ्री समर्स



55 डिग्री में भी कूलिंग, 22M का लम्बा एयर थ्रो, और पावर चिल ऑपरेशन - जो दे आपको बढ़ती गर्मी से आराम।

#1 MOST TRUSTED Air Conditioners BRAND IN INDIA

TRA'S BRAND TRUST REPORT 2026 Power of Trust

Daikin - द एयर स्पेशलिस्ट

5 YEARS# COMPREHENSIVE WARRANTY | Green Exchange Offer* UPTO ₹6000* | STANDARD INSTALLATION OFFER* | 5% CASHBACK* | EASY EMI | AXIS BANK | HDFC BANK | ICICI Bank | SBI card

Check offer with Daikin Authorized channel partner before purchase.

अभी अपने नजदीकी अधिकृत डायकिन डीलरशिप पर जाएं

DAIKIN AIRCONDITIONING INDIA PVT. LTD.

BRANCH OFFICE: Office no.410, 4th floor- Satguru Parinay Building, PU-3, Opposite C21 Mall, AB Road Indore - 452010, Tel: 0731-4005864, 9109012391, 9109124362, 9109124363.

For service related queries: WhatsApp "Hi" at 987 140 9300, Call our Customer Contact Centre at 011-4031-9300/1860-180-3900, or write to us at customerservice@daikinindia.com.

Follow us on: www.facebook.com/daikinindia www.twitter.com/daikinindia www.instagram.com/daikinindia in.company/daikin-airconditioning-india-pvt.-ltd. www.youtube.com/user/DaikinACIndia

Daikin adheres to E-waste Rules notified by MoEF. For more information on E-waste disposal and exchange policy please contact our Customer Service Centre.

Product image is for representation only. The above features mentioned may vary in different AC Models. #~Check www.daikinindia.com/terms-conditions for further T&C. *Figure mentioned is for FTKF35. Source: TRA Research - Brand Trust Report 2026, based on syndicated consumer research across 16 cities in india.